


हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, सोमवार 28 जुलाई 2025



राष्ट्रीय मंच पर अर्जुन्दा में आयुर्वेद व ग्रामीण चिकित्सा ... 12





हाईकोर्ट के जज पहुंचे दुर्ग कोर्ट अधिवक्ताओं ने गिनाई समस्याएं 10






# सांस्कृतिक मंच जर्जर, 15 वर्षों से मरम्मत की राह तक रहे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाटाबोड़

बालोद जिला मुख्यालय से मात्र 9 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत बेलमांड की ग्रामीण गंगाधर गांवरे उपसरपंच महेंद्र शार्वा ग्रामीण, अध्यक्ष धनवाराम साहू ग्रामीण, उपाध्यक्ष पूर्व सरपंच बाल्मीकि, साबरसाटी हरिशंकर साहू, मिलन साहू, संतलाल साहू सहित ग्राम के अन्य ग्रामीणों ने जानकारी देते हुए बताया की ग्राम की जनसंख्या 1670 है। जिसमें ग्राम पंचायत क्षेत्राअंतर्गत संस्कृतिक कलामंच जिसका निर्माण सन 1964-65 में किया गया था। जो वर्तमान समय मे अत्यंत जर्जर हो चूका है। जिसकी निर्माण की मांग ग्राम सुराज जनपद व जिला पंचायत जनदर्शन उपमुख्यमंत्री सांसद तक ग्रामीण पिछले 15 सालों से मांग करते आ रहे है। मांग पूरा नहीं से ग्रामीणों को अनेकों समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

क्योंकि उक्त स्थल पर हरियाली त्यौहार, गणेशोत्सव, नवरात्रि, दशहरा, मंडई मेला से लेकर ग्राम की सर्व महत्वपूर्ण कार्यक्रम सम्पन्न होता हैं, किंन्तु सांस्कृतिक कला मंच के अभाव में कार्यक्रम सुचारू रूप से सम्पन्न करने में ग्रामवासियों की अव्यवस्था बनी रहती है। वर्तमान मे दीवारों की छत से छड़े दिखाई दे रहे घास खरपतवार उग गए है। जर्जर भवन का प्लास्टर उखड़ कर गिर रहा है थोड़े ही बारिश मे पानी टपकता है। इन दिनों ग्राम में होने वाले कार्यक्रम को संचालन करने इसके बाजू में ही अस्थाई स्टेज बना कर संपन्न करते है।

**भवन का प्लास्टर उखड़ा, बारिश में टपकता है पानी**



## खबर संक्षेप

### बाइक की ठोकर से शिक्षक घायल, मामला दर्ज

**बालोद।** ग्राम कचांदुर निवासी शिक्षक यशवंत साहू (54), शासकीय प्राथमिक शाला रजोली में प्रधान पाठक हैं। 3 जुलाई की शाम वे अपने साथी संदीप जोशी के साथ बाइक से घर लौट रहे थे। फुण्डा नहर पुल के पास पीछे से आ रही एक बाइक (क्रमांक सी जी 24 टी 2885) के चालक ने लापरवाही से ठोकर मार दी, जिससे यशवंत साहू गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें पहले गुण्डरदेही और फिर दुर्ग अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के बाद उन्होंने आरोपी बाइक चालक के खिलाफ रनचिरई थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### गांजा बेचने वालों को पुलिस ने पकड़ा

**भिलाई।** गांजा अवैध रुप से बेचने वाले युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि ऑपरेशन वश्विास अभियान के तहत नशीली दवाईयों , गांजा तस्करी , खरीदी,बेचने वाले सुखे नशे के कारोबार करने वालों पर शिकंजा कसा जा रहा है। आयकर भवन सेक्टर 6 खंडहर के पास गांजा रखकर बेचने वाले दो युवकों को पुलिस ने पकड़ा है। आरोपी कुंदरापारा रुआबांधा बस्ती भिलाई नगर निवासी जगदीश भारती, शनिचरी बाजार रुआबांधा बस्ती अंकित सुर्यवंशी होना बताया है।

### 65 हजार के जेवरात पार

**भिलाई।** मकान का ताला तोड़कर सोना चांदी के जेवरात पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। वैशाली नगर पुलिस ने बताया कि बाबादीप सिंग नगर निवासी सरिता सिंह शांति नगर में दोना पत्तल बनाने का मशीन चलाने का काम करती है। पति पत्नी काम पर गए हुए थे। घर पर घटना के दिन कोई नहीं था मकान में तला जड़ा हुआ था। अज्ञात ने ताला तोड़कर मकान से जेवरात जिसे पर्स में रखा गया था। जिसमें सोने का चैन, मंगलसूत्र, छोटा मंगलसूत्र, जोडी टाप्स समेत अन्य सामान गायब था। आसपास खोजबीन करने पर जेवरात नहीं मिला। उक्त सामाने की कीमत 65 हजार रुपए आंकी गई है।

## मौसम : अंचल में बारिश व आंधी से बढ़ रही जगह-जगह समस्या

# गांवों की बिजली व्यवस्था चरमराई: अघोषित कटौती व लो-वोल्टेज से ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

कुसुमकसा सहित समीपस्थ ग्रामीण अंचलों में बारिश व हवाओं के चलते विद्युत व्यवस्था चरमरा सी गई है, असमय विद्युत बंद होने, लो हाई वोल्टेज की समस्या आम हो गई है, जिससे ग्रामीणों की इलेक्ट्रिक उपकरण टी वी, कंप्यूटर ,फ्रीज खराब हो रहा है। विद्युत लाइन की कटौती होने का समय इतना ज्यादा है की ग्रामीण 24 घंटे में कितने समय लाइट चालू रहता है।

उसकी जानकारी दे रहे है। वहीं ग्रामीण अंचलों में अघोषित बिजली कटौती के कारण मोटर चालू ना होने से पेयजल के पानी के लिए ग्रामीणों को भटकना पड़ रहा है। कुसुमकसा के कृष्णकांत साहू ने बताया की विद्युत के लो है वोल्टेज के चलते मेरे घर का टी वी खराब हो गया, कंप्यूटर सेंटर के



संचालक कासिम खान ने बताया की कुछ माह पहले उसका कंप्यूटर खराब हो गया था। ग्रामीणों ने बताया की प्रतिदिन बिजली आंखमिचौली कर रही है प्रतिदिन दिन में कई कई बार बिजली बंद हो रही है। कभी कभी सुबह व शाम को नल चालू होने के समय अचानक बिजली बंद होने से ग्रामीण पानी का इंतजार करते रहते है। लाइट बंद होने से शाम को ग्रामीणों को पानी के लिए भटकना पड़ता है। समीपस्थ ग्राम भर्रीटोला 43, रजही, ककरैल, देवपांडुम,जुनवानी के ग्रामीण अघोषित बिजली कटौती व लो वोल्टेज की समस्या बता रहे है।

अनिल सुथार पूर्व जनपद सदस्य व अध्यक्ष व्यापारी संघ कुसुमकसा ने कहा की बिजली की प्रतिदिन पंद्रह से बीस मर्तबा असमय बिजली बंद होने से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी के दिनों में भी यही समस्या आज बरसात के दिनों में भी कायम है, जल्द ही व्यवस्था में सुधार किए जाने की मांग की है।

### झमाझम बारिश से रेनकोट-छाते की मांग में रिकॉर्ड तेजी

दल्लीराजहरा। मानसून की जबरदस्त दस्तक के साथ दल्लीराजहरा शहर में झमाझम बारिश का दौर लगातार जारी है। बीते कुछ दिनों से हो रही भारी वर्षा ने जहां जनजीवन को प्रभावित किया है, वहीं बारिश से बचाव के साधनों जैसे रेनकोट और छाते की डिमांड में जबरदस्त इजाफा देखा जा रहा है। शहर के प्रमुख बाजारों, खासकर स्टेशन रोड, गांधी चौक और पुराना बस स्टैंड क्षेत्र में रेनकोट और छाते की अस्थायी और स्थायी दुकानें बड़ी संख्या में नजर आ रही हैं। दल्लीराजहरा स्थानीय व्यापारियों के अनुसार, बारिश शुरू होते ही रेनकोट और छाते की बिक्री में 50% से अधिक की बढ़ोतरी हुई है। दुकानदारों ने बताया कि स्कूल जाने वाले बच्चों से लेकर दफ्तर जाने वाले कर्मचारियों तक हर वर्ग के लोग इन जरूरी वस्तुओं की खरीदारी में जुटे हुए हैं। कई दुकानदारों ने बताया कि इस बार बाजार में बच्चों के लिए कार्टून प्रिंट रेनकोट, महिलाओं के लिए रंग-बिरंगे ट्रेंडी छाते और युवाओं के लिए स्टाइलिश जैकेट रेनकोट की विशेष डिमांड है। साथ ही लोकल और बाहर से आए थोक व्यापारी भी दल्लीराजहरा के बाजार में सक्रिय हो गए हैं। बारिश से बचाव के साथ-साथ फैशन ट्रेंड का भी ध्यान रखते हुए कई दुकानों में वॉटरप्रूफ बैग, रबर सैंडल और पॉकेटेबल छाते भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं। दल्लीराजहरा शहर के नागरिकों ने नगर प्रशासन से अपील की है कि बाजार और मुख्य सड़कों पर जल निकासी की बेहतर व्यवस्था की जाए ताकि लोग बारिश में भी बिना परेशानी के आ-जा सकें और खरीदारी कर सकें। जहां एक ओर बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो रहा है, वहीं दूसरी ओर इससे स्थानीय व्यापारियों को अच्छा लाभ मिल रहा है। रेनकोट-छाते की बढ़ती मांग ने बाजारों में फिर से जान डाल दी है। आगामी दिनों में और मांग बढ़ने की संभावना है। लगातार बारिश होने के कारण रेनकोट और छाते की बिक्री बढ़ गई है।

## पसौद-बोरी मार्ग की पुलिया जर्जर, हादसे की आशंका






**लाटाबोड़।** जिले में बीते कुछ दिनों से मूसलाधार बारिश होने के बाद से अब कमजोर पुल पुलियों ने जवाब देना शुरू कर दिया है। बालोद जिले के गुंडरदेही ब्लॉक के ग्राम पसौद से बोरी बाईपास मार्ग पर पड़ने वाला एक प्रमुख पुलिया है। जो धीरे धीरे से धसने लगी जिसके बाद से अब पुलिया के बीच मे लम्बा चौड़ा गहरा गड्ढा हो गया। पुलिया के किनारे से सीमेंट टूटने लगा है। सरिया दिखाई देने लगे है वही ग्राम पसौद निवासी मुकेश साहू लुकेशवर साहू युगल विश्वकर्मा ओमकार पटेल भूपेंद्र निर्मलकर ने जल्द से जल्द इसके मरम्मत की मांग कर की है। लोग अपना जान जोखिम में डाल पुल और गड्ढे के पार करने मजबूर है और बारिश की वजह से दरकते हुए गड्ढे की लंबाई और चौड़ाई समय के साथ-साथ बढ़ती जा रही है जिसके कारण कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। वहीं ग्रामीणो ने बताया कि पुलिया लगभग 20 वर्ष पुराना यह पल है सबसे ज्यादा इस क्षेत्र के रहने वाले लोगों को समस्याएं हो रही है। पुल क्षतिग्रस्त होना शुरू हुआ है और हमें काफी समस्या हो रही है और सुरक्षा की दृष्टि कोण से भी यह एक घातक साबित हो सकती है क्योंकि इसी मार्ग से स्कूली बच्चे ग्रामीण जिला मुख्यालय के साथ हाट बाजार आना जाना करते है। इस सबंध मे पंचायत सचिव ने मोरजध्वज सिन्हा ने कहा दरकते हुए गड्ढे की मरम्मत जल्द ही कराया जायेगा।

# पूर्व अध्यक्ष पर नौकरी के नाम पर ठगी का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

पिछली सरकार में लौह शिल्प कर्मकार बोर्ड के अध्यक्ष रहे लोचन विश्वकर्मा पर नौकरी लगाने के नाम पर लाखो रूपये लेने एवं नौकरी नही लगाने पर राशि वापस नही करने का गंभीर आरोप लगा है। मामले मे 6 माह पूर्व सनौद थाना में शिकायत भी पहुंची, लेकिन वहां प्रभावितो एवं लोचन विश्वकर्मा के मध्य लिखित इकरार करा कर लोचन विश्वकर्मा को समय दिया गया। अब पिछली सरकार के पतन के ढ़ेड़ साल बाद वह शंका सही साबित हुई।

अब लोचन विश्वकर्मा पर बोर्ड का अध्यक्ष रहते हुए क्षेत्र के भोले भाले ग्रामीणो से नौकरी लगाने के नाम पर राशि लेने का गंभीर आरोप लगा है। जब बार बार मांग करने के बाद भी लोचन विश्वकर्मा ने राशि वापस नही की। जनवरी 2025 को मामला सनौद थाना पहुंचा। तब गुरूर, गुण्डरदेही, पाटन ब्लाक सहित अन्य क्षेत्र के ग्रामीणो ने सनौद थाना पहुंचकर शिकायत की, तब लोचन विश्वकर्मा द्वारा भुगतान के लिए समय मांगने पर प्रभावितो ने मार्च तक का समय दिया। लेकिन बार बार समय देने के बाद भी लोचन विश्वकर्मा ने राशि वापस नही किया। मामले मे प्रभावितो ने पुनः शिकायत किया है।



### राशि वापस करने का मिला आश्वासन

लोचन विश्वकर्मा ने कहा मैने नौकरी लगाने के नाम पर कुछ लोगों से राशि ली है, जिसे मैं रायपुर के एक बड़े पदाधिकारी को दिया हूं। ग्रामीणों को साथ ले जाकर रायपुर में उस बड़े पदाधिकारी से मिलवा चुका हूं। उसने राशि वापस करने का आश्वासन दिया है। वहां से राशि मिलते ही सभी को राशि वापस कर दी जाएगी।

# हरेली उत्सव में रैली के दौरान युवक से मारपीट, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

हरेली के अवसर पर शहर में निकली रैली को देखने आए तथा गानो की धुम में नाच गा रहे युवक के साथ तीन अन्य युवको ने मारपीट कर दी। जिसके बाद मारपीट करने वाले तीनों युवको के खिलाफ युवक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है।

■ तीन युवको के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

पीड़ित युवक ने बालोद पुलिस को बताया है कि वह ग्राम राम नगर वार्ड क्रमांक 09, ग्राम पंचायत खेरथाडीह का रहने वाला है तथा एलएलबी. का पढाई कर रहा है। 24 जुलाई के शाम वह अपने साथी योगेन्द्र सेवता एवं प्रवीण मण्डावी के साथ जबर हरेली त्यौंहार में रैंली देखने बालोद आया था। जहां रैली सदर रोड़ बालोद, अस्पताल के पास पहुंचा था, अपने दोस्तो के साथ नाच–गा रहा था। उसी समय शाम को कुन्दरूपारा बालोद निवासी रूपेश उईके ने उसे पीछे से गर्दन को पकड़कर गाली देते हुए खींचकर 10 कदम की दूरी ले गया। वहीं पर बलराम ढीमर उसके साथ एक अन्य लड़का भी था। तीनो गाली गलौज कर धमकी देते हुये हाथ–मुक्का से मारपीट करने लगे। जहां उसे मारपीट करते देख उसके साथी योगेन्द्र सेवता एवं प्रवीण मण्डावी बीच बचाव करने आये तो उनके साथ भी गाली गलौज कर मारपीट किये है। मारपीट से उसके होंठ, गाल में चोट आया है, योगेन्द्र सेवता के मस्तक, सिर में चोट लगा है एवं प्रवीण मण्डावी के होंठ, गाल में चोट लगा है। जिसके बाद युवक द्वारा उक्त तीनो युवको के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराया गया है।

## मंडल कांग्रेस कमेटी का गठन, चार मंडल अध्यक्षों को सौंपी जिम्मेदारी

# केंद्र सरकार लोगों में नफरत फैला रही : विधायक संगीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

प्रदेश कमेटी के निर्देशन पर संगठन बालोद में मंडल कांग्रेस कमेटी(जोन) का गठन किया गया। सृजन अभियान के तहत जिलाध्यक्ष चन्द्रेश हिरवानी की अध्यक्षता जिला संगठन प्रभारी पूर्व विधायक दुर्ग अरुण वोरा, संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा, ब्लाक प्रभारी संजय साहू की उपस्थिति में सभी चारो मण्डल की नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों को नियुक्ति किया गया।

जिला प्रभारी पूर्व विधायक अरुण वोरा ने कहा कि ये पद आपके विश्वास का परिचायक है, संगठन सृजन के तहत जिला स्तर से लेकर बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने के लिए समिति का गठन किया जा रहा है, कहा कि आज देश हित में राहुल गांधी के संघर्ष को देखते हुए लोगों का कांग्रेस के प्रति विश्वास बढ़ा है. लोग केंद्र की मोदी सरकार से उब चुके हैं और परिवर्तन चाहते हैं, जनता आशा भरी निगाह से सिर्फ कांग्रेस की ओर देख रही है।





विधायक संगीता सिन्हा ने कहा कि केंद्र सरकार आमलोगों में नफरत फैला कर सिर्फ सत्ता प्राप्त कर देश की सारी संपत्ति को अपने सहयोगी कारोबारी के हाथों में दे रही है। सत्ता के लिए अनैतिक कार्य कर चुनाव आयोग का दुरुपयोग किया जा रहा है। ब्लाक प्राभारी सजंय साहू ने कहा कि नवनियुक्त अध्यक्ष पाटएँ द्वारा दी जाने वाली जिम्मेदारी को बखूबी निर्वहन करें। बालोद ब्लाक के अंतर्गत आने वाली मण्डल अध्यक्ष जगन्नाथपुर मण्डल से गजेंद्र ठाकुर, झलमला मण्डल से राकेश उईके, लाटाबोड़ मण्डल से दिनेश साहू और करहीभदर से प्रेम गवालवंशी को नियुक्त किया गया। इस मौके पर मण्डल प्रभारी शारदा सिन्हा, निर्मला बंजारे, पुरानिक साहू, कृपा राम साहू, पुर्व विधायक डोमेंद्र भेड़िया, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विकास चोपड़ा, युवा जिला अध्यक्ष प्राशान्त बोकड़े, महामंत्री रत्ती राम कोषमा, प्रेदश प्रवक्ता प्रकाश नाहटा, जिला पंचायत सदस्य पूजा वैभव साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष कृष्णा दुबे, पुरषोत्तम यज्ञदेव पटेल, विधायक प्रतिनिधि कमलेश श्रीवास्तव, शहर अध्यक्ष अंचल प्रकाश साहू शम्भू साहू, महामंत्री रोहित सागर, ऐनु राम साहू, जनपद सदस्य मोनिस पारकर मुरली भुआर्य, नरेंद्र सिंहा सहित कांग्रेस समस्त पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# राज्य स्तरीय योगासन खेल स्पर्धा में जिले के खिलाड़ियों ने जीते 2 गोल्ड, 4 सिल्वर मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

छत्तीसगढ़ राज्य योगासन स्पोर्ट्स संघ के द्वारा आयोजित 6वीं राज्यस्तरीय योगासन स्पोर्ट्स प्रतियोगिता 2025 का आयोजन दिनांक 25 से 28 जुलाई के मध्य ओ पी जिंदल यूनिवर्सिटी रायगढ़ छत्तीसगढ़ में आयोजित किया गया।

जिसमें बालोद जिले से जूनियर वर्ग में युवाकांत सिन्हा अर्जुन्दा से सिल्वर मैडल, सीनियर वर्ग में धरीज शर्मा बालोद से सिल्वर मैडल व सीनियर ब वर्ग में तोषण कुमार भीमकन्हार डौंडी लोहारा से ने गोल्ड मैडल जीतकर बालोद जिला का नाम रोशन किया है। उक्त खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में अपना जौहर दिखाएंगे व छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। चयनित खिलाड़ी डोंडी लोहारा में आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित होने के पश्चात बालोद जिला का प्रतिनिधित्व किये थे। जहां उन्होंने अपने उत्कृष्ट कला का प्रदर्शन कर उपलब्धि हासिल की है। यह प्रतियोगिता विभिन्न आयु वर्ग सब जूनियर, जूनियर, सीनियर वर्ग में आयोजित थी। चयनित खिलाड़ियों को राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने दी जाएगी। खिलाड़ियों के इस उपलब्धि पे महासचिव डॉक्टर मेजर सिंह, भोजेन्द्र साहू, बालोद जिले के अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी, कोषाध्यक्ष सौरभ शर्मा, सहा. क्रीड़ा अधि. स्वपन जेना, सचिव आशीष जायसवाल, शिवेंद्र बहादुर साहू, खिलेश कुमार, रीना बोरकर, रोशन सिंह, मनीष साहू, बाला राम निषाद ने सभी पदक विजेताओं को बहुत बहुत बधाई दी है, उक्त जानकारी बालोद जिला योगासन के सचिव आशीष जायसवाल ने दी।



**खबर संक्षेप**

### तीस लीटर महुआ शराब जब्त, केस दर्ज

**भिलाई।** अवैध रुप से महुआ शराब बनाने वाले को पकड़ने पहुंची पुलिस उसे देख आरोपी फरार हो गए। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि ग्राम घोरारी थाना रानीतराई में अवैध महुआ शराब बनाने की सूचना मिली थी। रानीतरई पुलिस को ग्राम घोरारी के बंधिया तालाब में अवैध रूप से शराब बनाने के लिए डुबाए गए 50 कट्टा महुआ लाहन करीब 5 क्विंटल को जब्त। तीन जरीकेन में भरा करीब 30 लीटर महुआ शराब को तालाब में फेंककर दो आरोपी मौके से फरार हो गए। आबकारी एक्ट के तहत पुलिस ने कार्रवाई किया है।

### ट्रैफिक पुलिस ने दिया मानवता का परिचय

**भिलाई।** नेशनल हाइवे भिलाई तीन के जनता स्कूल कटिंग के पास अज्ञात युवक गंभीर रूप से घायल होकर सड़क किनारे पड़ा हुआ था। राहगीरों की सूचना पर ट्रैफिक पुलिस ने कंट्रोल रूम को सूचना दी। खबर लगते ही ट्रैफिक पुलिस ने निकटतम पेट्रोलिंग टीम बिना किसी विलंब के घटनास्थल पर पहुँची। मौके पर पहुँची टीम ने घायल की नाजुक स्थिति को देखते हुए मानवता का परिचय दिया। घायल को तुरंत उपचार के लिए लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल पहुँचाया। जहाँ उसका इलाज जारी है।

### मकान से 48 हजार की चोरी, अपराध दर्ज

**भिलाई।** मकान का ताला तोड़कर सोना चांदी के जेवरात पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। रानीतराई पुलिस ने बताया कि ग्राम घोडारी थाना बिरकोनी जिला महासमुंद निवासी वर्तमान में ग्राम डिघारी निवासी श्रीमती तरुण मालेकर का ग्राम रानीतराई के दिशा बुटीक में सिलाई का काम करती है। 25 जुलाई की सुबह बुटीक रानीतराई बस स्टैण्ड में काम करने पीड़िता आई थी। दोपहर में मां ने कॉल कर बताया कि मकान में चोरी हो गई है। मकान से सोने का मंगलसुत्र 02 नग एक बडा, एक छोटा, एक नग सोने की अंगुठी, एक नग चांदी का हाफ कर्धन, एक जोडी चांदी का पायजेब, एक नग चांदी का चैन,अन्य चांदी का सामान गायब मिला। जिसकी कीमत 48 हजार रुपए आंकी गई है।

### बाढ़ में बहा युवक का शव नाले में मिला

**खैरागढ़।** प्रधानपाठ बैराज से छोड़ा पानी और 19 से 20 घंटे की लगातार बारिश ने शनिवार को जनजीवन बेहाल कर दिया। पचास से उपर मकान-दुकान में पानी घुस गया तो लोगों को आनन-फानन में सरकारी भवनों या रिश्तेदारों के घर शरण लेनी पड़ी। लगभग आठ से दस घंटे में पानी उतर गया, लेकिन अपने पीछे दुर्दशा के निशान छोड़ गया है। इधर ईतवारी बाजार में एक युवक के बाढ़ में बह गया, जिसका शव कुछ दुर पर ही एक नाले में मिला। इस बीच एक दिल दहलाने वाली खबर ने सबको चौंका दिया कि जब ईतवारी बाजार में शीतला मंदिर के पास डोंगानाला का पानी कम हो रहा था, लेकिन बहाव तेज था, उस समय दो-तीन दोस्तों के साथ अंबेडकर वार्ड निवासी अमित यादव 18 साल भी पानी से अठखेलिया करते दुकान की छत से पानी में कूदकर तैर रहा था।

# ऑनलाइन पेपर बिल व थ्री फेस कनेक्शन दिलवाने चेंबर बढ़ाएगा दबाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

टाउनशिप में बिजली के उपभोक्ताओं को थोड़ी राहत दिलाने के बाद अब भिलाई स्टील सिटी चैंबर ऑफ कॉमर्स भिलाई उन्हें बीएसपी से आनलाइन बिजली बिल और थ्री फेस कनेक्शन दिलवाने के लिए भी बीएसपी पर दबाव बनागा। इसके लिए जल्द ही बीएसपी प्रबंधन से चेंबर का प्रतिनिधि मंडल मिलेगा।

उल्लेखनीय है कि चेंबर द्वारा पूर्व में बिजली दर कम करने के साथ बिजली बिल सीधे उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराने की मांग की थी। चेंबर के अध्यक्ष ज्ञानचंद जैन ने बताया कि बीएसपी के द्वारा बिजली की दरों में छग शासन के समतुल्य दर निर्धारित करने का जो प्रस्ताव छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग के समक्ष रखा था, जिसे खारिज कर आयोग द्वारा मात्र 0.88 % मूल्य ,वृद्धि की स्वीकृति दी है ,जबकि आयोग ने शासन को 1.89% मूल्य वृद्धि की स्वीकृति दी थी। बीएसपी ने 10 से 15% वृद्धि का प्रस्ताव आयोग के समक्ष रखा था । इसे आयोग ने आपत्तिकर्ताओं के विचारों को सुनने के बाद खारिज कर दिया है । साथ ही यह भी आदेश दिया है कि उपभोक्ता की मांग पर,ऑनलाइन अथवा पेपर बिल दिया जाए । स्टील सिटी चैंबर के अध्यक्ष ज्ञानचंद जैन बताया कि 11 सदस्यों का प्रतिनिधिमंडल आयोग के समक्ष उपस्थित हुआ था। बताया था कि उपभोक्ताओं की मांग पर ना तो थ्री फेस कनेक्शन दिए जाते हैं और ना मेंटेनेंस की प्रत्येक सेक्टर में व्यवस्था बनाई गई है। आयोग ने बीएसपी को निर्देश दिया है कि उपभोक्ताओं की शिकायतों का निराकरण तत्काल प्रभाव से किया जाए ,और उपभोक्ताओं की मांग पर थ्री फेस कनेक्शन भी दिए जाएं । चेंबर अध्यक्ष ज्ञानचंद जैन ने बताया कि आनलाइन पेपर बिल व थ्री फेस कनेक्शन उपभोक्ताओं को दिलाने चेंबर बीएसपी पर दबाव बढ़ाएगा। मामले में जल्द ही प्रबंधन से प्रतिनिधि मंडल मिलकर राहत के लिए चर्चा करेगा।

**नियामक आयोग बिजली राहत के साथ यह भी दिया है आदेश**



### नए मीटर भी लगवाने प्रबंधन से करेंगे मांग

आयोग द्वारा जहां मी डिफेक्टिव है उसे सुधारे जाने और नए मीटर लगाए जाने के निर्देश दिए गए हैं।। उपभोक्ताओं की शिकायत को सुनने के लिए उपभोक्ता निवारण फोरम के कार्यालय को पुनः चालू किया जाए । चेंबर ने इस आदेश का पालन करने की मांग के साथ विद्युत नियामक आयोग के निर्णय को शहर के उपभोक्ताओं के लिए राहत वाला बताया।

**अनियमितता : व्यापारी संघ ने किया विरोध, दुकान नहीं हटाने पर करेंगे शिकायत**

# सुपेला सब्जी मंडी में व्यापारी ने पार्किंग क्षेत्र में किया अतिक्रमण, लग रहा जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सुपेला में संचालित आकाशगंगा सब्जी मंडी में कुछ व्यापारी सड़क और पार्किंग की जगह पर बेजा कब्जा करके दुकान बना लिए हैं। इससे वहां पार्किंग और सब्जी से भरी गाड़ियों के आने जाने में परेशानी हो रही है। इसको लेकर व्यापारी संघ ने सब्जी व्यापारी नारायण सिंह को अवैध दुकान हटाने के लिए कहा, लेकिन वो नहीं मान रहा है। अब व्यापारी इसकी शिकायत निगम में करने जा रहे हैं।

सुपेला सब्जी व्यापारी संघ के अध्यक्ष रविंद्र सिंह उर्फ रवि ने बताया कि सुपेला सब्जी मंडी में नियम के मुताबिक 110 रजिस्टर्ड दुकाने हैं, जिन्हें निगम के द्वारा बैठाया गया है। वर्तमान में ये सब्जी मंडी अतिक्रमण की भेंट चढ़ती जा रही है। हालत यह हो गई है कि यहां वैध और अवैध दुकान मिलकर 200 से अधिक दुकानें संचालित हैं। इसमें थोक और चिल्हर दोनों दुकाने शामिल हैं। अब मुद्दे पार्किंग और सड़क की जमीन पर कब्जा करके दुकान खोलने का उछलता जा रहा है।

यहां नारायण सिंह वेजिटेबल कंपनी (एनवीसी) के संचालक नारायण सिंह ने अपनी रजिस्टर्ड दुकान के साथ साथ सब्जी मंडी को जाने वाली सड़क के किनारे पार्किंग की जगह को घेरकर बड़ी सी दुकान बना लिया है। एनवीसी ने पहले यहां एक छोटी दुकान बनाकर सब्जी के खाली कैरेट रखना शुरू किया था। पिछले एक साल में उसने यहां काफी बड़ी जगह घेरकर दुकान बना लिया है। इसके चलते यहां जाम लगता है। सब्जी से भरी गाड़ियां जो सुबह आ जाती है वो बाहर नहीं निकल पा रही है। व्यापारियों का व्यवसाय भी प्रभावित हो रहा है। रवि का कहना है कि उन्होंने एनवीसी कंपनी के संचालक को बेजाकब्जा दुकान हटाने के लिए कहा था, लेकिन वो नहीं मान रहे हैं। सब्जी व्यापारी की दबंगई और संघ की बात को ना मानने पर अब व्यापारी संघ ने इसकी शिकायत निगम में करने का निर्णय लिया है।

**नगर निगम भिलाई के अधिकारियों ने कहा-जांच के बाद करेंगे कार्रवाई**



### मार्केट से हर दिन गुजरते हैं सैकड़ों ट्रक

इस मंडी में हर दिन सुबह सुबह 100-150 ट्रक सब्जी, व आलू प्याज आदि लेकर आते हैं और फिर खाली करके जाते हैं। इनके लिए मंडी के पीछे काफी बड़ी जगह निगम ने छोड़ रखी हैं। वहां सभी गड़ियां पार्क होकर सब्जी अनलोड करती हैं और फिर वहां से निकल जाती हैं, लेकिन अब इन गाड़ियों को आने जाने में परेशानी हो रही है। और तो और 10 बजे के बाद जब आकाश गंगा मार्केट खुलने लगता है और सब्जी की गाड़ियां नहीं निकल पाती तो यहां जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है।

### निगम करेगा अतिक्रमण पर कार्रवाई

जब इस बारे में जोन 1 के आयुक्त आजय सिंह राजपूत से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि ऐसा करना गलत है। वो कल ही टीम भेजकर इसका निरीक्षण करवाएंगे और अगर बेजा कब्जा करके दुकान बनाई गई है तो उसे तोड़कर हटाया जाएगा। इसके साथ ही ऐसा करने वाले के खिलाफ निगम जुर्माने की कार्रवाई भी कर सकता है।




### एनवीसी के संचालक ने कहा कई व्यापारियों ने किया है कब्जा

एनवीसी दुकान के संचालक के बेटे अमित सिंह से जब इस बारे में बात की गई तो उसने कहा कि वो अकेले ऐसे नहीं हैं जिन्होंने बेजा कब्जा करके दुकान बनाई है। मंडी में कई लोग हैं जो सरकारी जमीन पर कब्जा करके रखे हैं। उनके खिलाफ व्यापारी संघ के लोग एकजुट होकर कार्रवाई करवा रहे हैं। अगर कार्रवाई हो तो सभी के खिलाफ हो, केवल उनके खिलाफ नहीं।

# हाईकोर्ट के जज पहुंचे दुर्ग कोर्ट अधिवक्ताओं ने गिनाई समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के जस्टिस पार्थ प्रीतम साहू शनिवार को दुर्ग के एक दिवसीय दौरा पर पहुंचे। उनके आगमन पर जिला अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों ने सर्किट हाउस पहुंचकर उनका स्वागत किया। इसके बाद वे दुर्ग न्यायालय पहुंचे। अधिवक्ता संघ के कार्यालय में संघ के पदाधिकारियों से चर्चा की। अधिवक्ताओं की समस्याएं सुनी। पदाधिकारियों ने उन्हें बैठक व्यवस्था, पार्किंग सहित अन्य समस्याओं से अवगत कराया। इसके बाद वे जिला न्यायालय का भ्रमण कर समस्याओं से अवगत हुए। इस अवसर पर संघ की अध्यक्ष नीता जैन, उपाध्यक्ष प्रशांत जोशी, महिला उपाध्यक्ष उमा भारती साहू, सचिव रविशंकर सिंह, कोषाध्यक्ष अनिल जायसवाल सहित अन्य मौजूद थे। न्यायाधीश ने जिला एवं सत्र न्यायालय में पदस्थ न्यायाधीशों से भी मुलाकात की। उन्होंने प्रकरण के बारे में जानकारी ली। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की गतिविधियों के बारे में पूछा। आगामी दिनों में होने वाले लोक अदालत की तैयारियों के बारे में भी जानकारी ली।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के खाते से 96 हजार पार

**भिलाई।** आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के खाते से रुपए पार होने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज किया है। कुम्हारी पुलिस ने बताया कि ग्राम कुगदा निवासी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मेनिका साहू के एसबीआई खाते से अज्ञात ने 96 हजार 120 रुपए पार कर दिया। जिसकी जानकारी पीड़िता को अपना खाता एंट्री कराने बैंक पहुंची तब जानकारी हुई। पीड़िता के खाते का अंतिम बार केवाईसी वर्ष 2021 मे बैंक मे हुआ था। 23 जुन 2023 से अब तक 27 जुन 2025 तक 96 हजार 120 रूपये कई किश्तों में अज्ञात ने पार कर दिया। घटना की जानकारी बैंक प्रबंधक कुम्हारी को दिया गया। पैसे का आहरण आधार थंब के द्वारा निकाला गया है। बैंक प्रबंधक द्वारा पीड़िता का आधार कार्ड मांगकर खाते को ई-केवाईसी के जरिये अपडेट कर दिया गया। आधार थंब को ब्लॉक कर दिया। खाते की बचत राशि को पति माखनलाल साहू के खाता में 2 लाख 21 हजार रूपये को ट्रांसफर कर दिया गया।

# युक्तियुक्तकरण शिक्षकों की संभाग में चल रही सुनवाई, लेटलतीफी से दिक्कत, निलंबन टला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

युक्तियुक्तकरण होने के बाद भी शिक्षकों की ज्वाइनिंग स्कूलों में नहीं हो पाई है। इसलिए कि दुर्ग जिला स्तर पर सुनवाई करने के बाद अब संभाग में शिक्षकों ने अभ्यावेदन लगाया है। इसलिए संभाग स्तर पर संभागायुक्त कार्यालय में सुनवाई चल रही है। सुनवाई की वजह से जिला शिक्षा विभाग ने ज्वाइनिंग नहीं करने वाले शिक्षकों का निलंबन टाल दिया है।

### 80 शिक्षकों की सुनवाई पूरी

संभागीय आयुक्त कार्यालय में अब तक दुर्ग जिले के 80 शिक्षकों की सुनवाई कर ली गई है। 30 शिक्षकों का अभ्यावेदन की सुनवाई अभी और होनी है। इस हिसाब से ये पूरा महीना सुनवाई में ही चली जाएगी। खास बात यह है कि शिक्षकों ने ऐसी रणनीति बनाई है कि एक-एक कर अभ्यावेदन लगा रहे हैं। जिसकी वजह से सुनवाई की तिथि भी लगातार बढ़ती जा रही है।

### डेढ़ महीने से इस तरह हो गई है पढ़ाई ठप

**हाईकोर्ट में दायर है याचिका**

युक्तियुक्तकरण का सबसे बड़ा खामियाजा यदि भुगत रहे हैं तो वे है विद्यार्थी। शिक्षक युक्तियुक्तकरण आदेश को मानने के लिए तैयार नहीं हैं। इसलिए वे हाईकोर्ट में याचिका लगा रखी है। हाईकोर्ट के आदेश पर ही जिला व संभाग स्तर पर उनके अभ्यावेदनों पर सुनवाई चल रही है। 16 जून को सरकारी स्कूल खोले गए हैं और इस तरह डेढ़ महीने हो गया है। अकेले दुर्ग जिले में करीब 150 शिक्षक ऐसे हैं जिन्होने युक्तियुक्तकरण आदेश के बाद ज्वाइनिंग नहीं ली है।

**स्कूलों में नहीं पहुंच रही किताबें**

स्कूलों में सरकारी किताबें नहीं पहुंची है। जिले के 1400 स्कूलों में कई विषयों की किताबें विद्यार्थियों को नहीं मिल पाई है। जिसकी वजह से विद्यार्थियों की पढ़ाई शुरू नहीं हो पा रही है। खासकर उन कक्षाओं की जहां इस बार किताबें ही बदल दी गई है। एनसीईआरटी ने किताबें भी बदली है। इसलिए शिक्षक बिना नई किताब के पढ़ाई नहीं करवा पा रहे हैं। कक्षा पहली से लेकर आठवीं तक के विद्यार्थियों को पुस्तक समस्या से जूझना पड़ रहा है।

**संभाग से जाएंगे राज्य में :** स्कूल शिक्षा विभाग ने युक्तियुक्तकरण वाले शिक्षकों को ऐसी व्यवस्था दी है कि उसका पूरा फायदा शिक्षक उठा रहे हैं। मसलन जिला स्तर पर सुनवाई के बाद शिक्षक यदि संतुष्ट नहीं है तो वह संभाग में जा सकता है। संभाग की सुनवाई में यदि संतुष्ट नहीं हुआ तो राज्य में अभ्यावेदन लगा सकता है। यही वजह है राज्य में जाने की तैयारी है।

### निलंबन आदेश इस तरह टलता जा रहा

जिला शिक्षा अधिकारी ने 23 जुलाई तक युक्तियुक्तकरण के आदेश का पालन नहीं करने वाले शिक्षकों को निलंबित करने की बात कही थी। उसके बाद दो दिन और समय दिया। उसके बाद भी यह मामला अब टल गया है। सूत्र बताते हैं कि 15 जुलाई को ही संभागीय सचिव ने सुनवाई के लिए पत्र जारी कर दिया था। 17 जुलाई को संभाग कमिश्नर ने सुनवाई का पत्र जारी किया। जिसे जिला शिक्षा अधिकारी ने ब्लॉकों में भेजा। उसके बाद 21 जुलाई को जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि 23 जुलाई तक ज्वाइनिंग नहीं करने पर निलंबन कर देंगे। शिक्षकों में सुनवाई के बीच निलंबन आदेश की खबर से रोष है।

# दुर्ग में 2 और 3 अगस्त को सावन मेला महिलाओं के लिए होंगी रंगारंग स्पर्धाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी दुर्ग में महिलाओं के सावन तिहार का आयोजन किया जाएगा। इस बार दो दिवसीय आयोजन 2 और 3 अगस्त को किया जाएगा। इस दौरान रंगारंग और मजेदार प्रतियोगिताएं, सांस्कृतिक आयोजन और पारंपरिक खेल होंगे।सावन उत्सव में खेल, संगीत और परंपरा का संगम, केवल भवन सभागार में लगेगा।

नगर निगम की सांस्कृतिक प्रभारी हर्षिका जैन ने बैठक लेकर तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि उत्सव का रंग, महिलाओं को मिलेगा मंच और सम्मान। इस उद्देश्य से यह आयोजन किया जाना है। अंतिम दिन विजेता महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा। महापौर अलका बाघमार के मार्गदर्शन में आयोजन की तैयारी है। बैठक में समिति के सदस्य मनीष कोठारी, लोश्ववरी ठाकुर, प्रतिभा गुप्ता, मुन्ना यादव सहित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।



### कुर्सी दौड़, मटकी फोड़, थाली सजाओ, घोड़ा दौड़ जैसी स्पर्धाएं होंगी

सावन मेला का आयोजन 2 अगस्त को सुबह 10 बजे से किया जाएगा। स्टेशन रोड स्थित केवल भवन में सारे कार्यक्रम होंगे। इस आयोजन का उद्देश्य महिलाओं में सांस्कृतिक चेतना, उत्साह और सहभागिता को बढ़ावा देना है। मेले में समाज की अग्रणी, सम्माननीय माताओं और बहनों के लिए अनेक प्रकार की रोचक और पारंपरिक प्रतियोगिताएं रखी गई हैं, जिनमें भाग लेकर वे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकेंगी। कार्यक्रम के तहत कुर्सी दौड़, मटकी फोड़, थाली सजाओ, घोड़ा दौड़, मेहंदी रचाओ, खो-खो, रस्सी खींच जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

**नगर पालिक निगम भिलाई तैयार कर रही कार्ययोजना**

# शहर विकास के रोडमैप को अंतिम रूप 28 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

छत्तीसगढ़ नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग का मुख्य उद्देश्य शहरों का योजनाबद्ध विकास करना है। जिसके मंशानुरूप शहर विकास योजना (सिटी डेवलपमेंट प्लान) नगर पालिक निगम भिलाई शहर हेतु तैयार की जा रही है । शहर विकास योजना किसी शहर के भावी विकास के लिए एक महत्वपूर्ण रोडमैप है। यह योजना शहर के वर्तमान स्वरूप का विश्लेषण करती है, भविष्य की जरूरतों का अनुमान लगाती है, और विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए रणनीतियों और नीतियों की रूपरेखा तैयार करती है। यह योजना शहर के सुनियोजित विकास को सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है। शहर विकास कार्य में मुख्य रूप से मार्गों के चौड़ीकरण, रोड विस्तारीकरण, साइंस सिटी का निर्माण, रिंग रोड का निर्माण, स्विमिंग पूल का निर्माण, बेहतर प्रकाश व्यवस्था, छोटे एवं बड़े नालों का निर्माण, सौंदर्यीकरण के कार्य, बेहतर सफाई व्यवस्था, वाटर हार्वेस्टिंग सहित तड़ित चालक एवं अन्य विकास कार्य शामिल हैं।

- **भविष्य की जरुरतों को देखते हुए बनाया जा रहा प्लान**

### शहरवासियों के सुझाव भी हुए शामिल

नगर निगम भिलाई के निगम सभागार में शहर विकास योजना के संबंध में आयुक्त राजीव कुमार पांडेय द्वारा 30 जून को बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में अधीक्षण अभियंता दीपक जोशी द्वारा सिटी डेवलपमेंट का विस्तृत प्लान प्रस्तुत किया गया था। महापौर, सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि, नेता प्रतिपक्ष, पार्षदगण, समाजसेवी एवं शहर के आम नागरिकों से मार्गदर्शन एवं सुझाव प्राप्त किया गया था। साथ ही जोन कार्यालय में कार्य के औचित्य सहित सुझाव आमंत्रित किया गया था। सिटी डेवलपमेंट प्लान के संबंध में नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव एवं संचालक द्वारा वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से बैठक ली गई है।

### जोनवार फाइनल रोड मैप करेंगे तैयार

मुख्य अभियंता एवं प्रभारी आयुक्त भागीरथी वर्मा के अध्यक्षता में 23 जुलाई को समीक्षा बैठक बुलाई गई। जिसमें शासन से दिए गए निर्देशों के अनुरूप सीडीपी निर्माण कर प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया है। सिटी डेवलपमेंट प्लान के संबंध में दिए गए निर्देशों के परिपालन में संबंधित जोन आयुक्त, कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता, उप अभियंता को निर्देशित किया गया है । सोमवार तक अनिवार्य रूप से जोन वाइज फाइनल शहर विकास कार्य का रोड मैप तैयार किया जाएगा ।

### 28 को देंगे सीडीपी को अंतिम रूप

आयुक्त राजीव पांडेय ने बताया कि 28 जुलाई को दोपहर 12 बजे तक परियोजना शाखा में सभी जोन से प्लान आ जाएंगे।दोपहर 3 बजे मुख्य अभियंता कक्ष में सभी की उपस्थिति सीडीपी को अंतिम रूप दिया जाएगा।

# इंटक ने 130 ठेका श्रमिकों को वेलफेयर से मिली सहयोग राशि



**भिलाई।** स्टील ठेका श्रमिक यूनियन के वेलफेयर एसोसिशन द्वारा बीएसपी के 130 ठेका श्रमिकों को सहयोग राशि प्रदान किया गयी है । यूनियन ऑफिस में टीएंडडी विभाग के टी एक्स आर में कार्यरत ठेका श्रमिक स्व. लीलाराम बंजारे के परिवार को 10 हजार रुपए वेलफेयर राशि प्रदान की गई। उसकी घर जाते समय के भिलाई तीन के निकट वाहन द्वारा टोकर मारने से एम्स रायपुर में उपचार के दौरान मृत्यु हो गई थी। इसके अलावा तबीयत खराब होने से ड्यूटी नहीं आने वाले टी एंडी डी विभाग के टीकाराम साहू को 5 हजार रुपए कमलनाथ ठाकुर को 4 हजार रुपया व अमित कुमार को 2 हजार रूपये सहयोग राशि दी गई। यूनियन के अध्यक्ष संजय साहू कहा कि श्रमिक वेलफेयर एसोसिएशन की तरफ से बीएसपी के ठेका श्रमिकों के समस्या के समाधान के साथ सुविधाओं में बढ़ोतरी ,उनके परिवार के विकास, कौशल उन्नयन एवं कल्याण के लिए अनेक कार्यक्रम कर रही है स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक ठेका श्रमिकों के बेहतर भविष्य के लिए प्रयासरत है।

# अनलोडिंग एरिया में गैस रिसाव, प्रोपेन प्लांट-2 में मॉक ड्रिल का किया आयोजन

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के प्रोपेन प्लांट-2 में शनिवार को 11 बजे एक आपदा प्रबंधन मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस अभ्यास में विभिन्न विभागों के बीच आपसी तालमेल और प्रतिक्रिया क्षमताओं का मूल्यांकन किया गया। प्रोपेन प्लांट-2 एक संवेदनशील क्षेत्र है, जहां 225 टन क्षमता वाले दो प्रोपेन टैंक स्थापित हैं।

मॉक ड्रिल में दिखाया गया कि प्रोपेन अनलोडिंग एरिया में सफाई कार्य के दौरान प्रोपेन गैस का रिसाव से आग लग गई। एक कर्मचारी उसकी चपेट में आ गया। सहकर्मियों ने कर्मचारी को सुरक्षित बाहर निकाला और आवश्यक प्राथमिक उपचार प्रदान किया। साइट इंचार्ज डीपसिंह ने तत्काल शिफ्ट इंचार्ज अनंत किस्कू को सूचित किया, जिन्होंने स्थिति की गंभीरता को



देखते हुए मुख्य महाप्रबंधक जेपी सिंह को सूचित किया। इसके बाद प्रोपेन प्लांट-2 कंट्रोल रूम में मौजूद सहकर्मी को आपातकालीन सायरन बजाने एवं सभी आपातकालीन एजेंसियों को सूचित करने का निर्देश दिया गया। अभ्यास में एजीएम आरके चंद्रा, सहायक प्रबंधक अदावत नागेन्धर सहित सीआईएसएफ यूनिट, अग्निशमन विभाग. सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग, सिविल डिफेंस, मानव संसाधन विभाग, पर्यावरण प्रबंधन विभाग, एमएमपी-1 के अधिकारी व कर्मचारी शामिल हुए।

## खबर संक्षेप



### बस्ती में भरा पानी, आप ने दी आंदोलन की चेतावनी

**भिलाई।** पिछले 12 घंटों से हो रही बारिश ने निगम की तैयारियों की पोल खोल दी है। शहर के अधिकांश बस्तियों और कॉलोनियों में बारिश का पानी जमा हो गया है। इसे लेकर आम आदमी पार्टी ने मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने निगम से अपील की है कि तत्काल बारिश के पानी के निकासी के इंतजाम किए जाएं, अन्य आप कार्यकर्ता निगम में उग्र आंदोलन करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू ने छत्तीसगढ़ के अनेक शहरों में बरसात से शहर में लगभग सभी जगह जलभराव की गंभीर समस्या पर कहा कि निगम प्रशासन की लापरवाही से यह भयावह स्थिति लगभग हर साल बनती है। प्रदेश महासचिव वदूद आलम ने कहा दुर्ग-भिलाई मे हर साल थोड़ी सी बारिश से ही घरों में, दुकानों में पानी घुस जाता है। निचले इलाकों में तो स्थिति लगातार बिगड़ते जा रही है। ड्रेन की सही सफाई नहीं होने से ऐसा हालात बन रहे हैं। सफाई, रेन हार्वेस्टिंग, स्टॉर्मवॉटर लाइन बहाली और जोनल अधिकारियों के लिए जिम्मेदारी सुनिश्चित करना चाहिए था। हर साल निगम प्रशासन को बरसात की समस्यायों के निवारण के लिए करोड़ों का बजट मिलता है, लेकिन उस बजट का सही उपयोग नहीं किया जाता और सारा पैसा का क्या किया जाता है।

### स्कूल में कारगिल दिवस मनाया गया



**दुर्ग।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कसारीडीह में कारगिल विजय दिवस पर विविध देशभक्ति पूर्ण कार्यक्रम आयोजित किए गए। सर्वप्रथम दीप प्रज्ज्वलन विद्यालय के प्राचार्य कृपा शर्मा द्वारा गया। उन्होंने कहा कि हमे सैनिकों का सम्मान करना चाहिए आज हम उनके कारण ही सुरक्षित अपने देश व घरों में रहते है। विविध कार्यक्रम में चित्रकला प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता हुई। कारगिल के विषय पर मीना देवांगन ने जानकारी दी।

# परंपरा और संस्कृति साम्प्रदायिक संबंधों को बनाते है मजबूत : तिवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

सेठ आरसीएस कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में हरेली उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का आरम्भ कुदाली, रापा, गेंती आदि औजारों की पूजा के साथ जिला शिक्षण समिति के अध्यक्ष प्रवीणचंद्र तिवारी, शासी निकाय के अध्यक्ष मनोज शर्मा, सचिव दिलीप इंगले, सदस्य अनिल सुराना, महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. पूजा मल्होत्रा द्वारा किया गया। प्रवीणचंद्र तिवारी ने बताया कि हरेली मनुष्य और प्रकृति के मध्य गहरे संबंध का प्रतीक है जो जमीन और जीवन को सहारा देने वाले औजारों के प्रति कृतज्ञता की भावनाओं को उजागर करता है। परंपरागत रूप से इस त्यौहार को सांप्रदायिक संबंधों को मजबूत करने और कृषि एवं प्राकृतिक दुनिया की देखरेख करने वाली दिव्य शक्तियों का सम्मान करने का एक तरीके के रूप में देखा जाता है। सावन माह की अमावस्या पर होने वाली हरेली त्यौहार को साल का पहला त्यौहार के रूप में मनाते है। हरेली किसान और सभी छत्तीसगढ़ वासियो का त्यौहार है।यह कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. पूजा मल्होत्रा के दिशा निर्देशन में सांस्कृतिक प्रभारी फरहा परवीन सिद्धीकी, सदस्य प्राची देवांगन, युमेनिका वर्मा, युगेश देशमुख एवं महाविद्यालय के आईक्युएसी कॉडिनेटर डॉ. भावना वर्मा एवं अन्य शिक्षकों प्रमोद यादव, मनोज कुशवाहा, दुर्गा शुक्ला, डॉ. आयशा अहमद, भवना यादव, डॉ. निधि मिश्रा, उमेश वैद्य, रानी शुक्ला, भागवत देवांगन आदि की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

## कृषि औजारों की पूजा अर्चना, गेड़ी दौड़ का आयोजन, पारंपरिक व्यंजनों का उठाया लुत्फ



### चीला, गुलगुला भजिया का लगाया स्टॉल

इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा स्वयं निर्मित व्यंजन चीला, गुलगुला भजीया, फरा, खुरमी का स्टाल लगाया गया जिसका आनंद प्रबंधन समिति के सदस्यों एवं महाविद्यालय स्टाफ व छात्र-छात्राओं ने लिया। इस अवसर पर प्रवीण चंद तिवारी, अनील सुराना और छात्र-छात्राओं ने गेड़ी चलाकर कार्यक्रम का आनंद लिया।



## बैठक में खुलासा : भुइयां रिकॉर्ड दुरुस्त करने प्रशासन चलाएगा विशेष अभियान

# नामांकन, बटांकन के सैकड़ों मामले लंबित डायवर्सन की करोड़ों रुपए की वसूली अटकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

राजस्व अधिकारियों, निरीक्षकों और पटवारियों की बैठक में बड़ा खुलासा हुआ है। लंबे समय से बटांकन, नामांकन के मामले अटके हुए हैं। डायवर्सन से होने वाली करोड़ों रुपए की वसूली नहीं हो पाई है। इसके अलावा कई अन्य काम प्रभावित हो रहे हैं। भुइयां में आई तकनीकी दिक्कतों के चलते ऐसी स्थिति बनी है। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने तहसील कार्यालय में बैठक ली। बैठक के दौरान इसका खुलासा हुआ है। इसके बाद भुइयां रिकॉर्ड दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में लंबित प्रकरणों जैसे खसरा संकलन, विलोपन, शून्य रकबा, नक्शा बटांकन, स्वतः नामांतरण, डीएससी सत्यापन, कृषक पंजीयन आदि विषयों पर विस्तृत समीक्षा की गई।

कलेक्टर कहा कि शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी लंबित राजस्व प्रकरणों का निराकरण सख्ती से किया जाए। उन्होंने बड़े पैमाने में लंबित नक्शे के बटांकन करने विशेष अभियान चलाने राजस्व निरीक्षक, पटवारियों को लक्ष्य दिए। उन्होंने यह भी कहा कि डायवर्सन के बाद जिन भूमिस्वामियों ने अब तक निर्धारित राशि जमा नहीं की है, उनसे वसूली हेतु भी सघन अभियान चलाने कहा। करोड़ों रुपए की डायवर्सन राशि अब भी लंबित हैं। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि बड़े बकायादारों को चिन्हित कर उनसे वसूली में तेजी लाई जाए। बैठक में एसडीएम हरवंश मिरी, भू-अभिलेख शाखा प्रभारी लता उर्वशा, अधीक्षक भू-अभिलेख अजीत चौबे, तहसीलदार प्रफुल्ल गुप्ता, क्षमा यदु, हुलेश्वर खूंटे, ढाल सिंह बिसेन, वासु मित्र दीवान सहित अन्य मौजूद थे।

## कलेक्टर अभिजीत सिंह ने तहसील कार्यालय में राजस्व निरीक्षकों की ली बैठक



### पब्लिक काट रही राजस्व विभाग के चक्कर, नहीं हो रहा समाधान

भुइयां सॉफ्टवेयर में तकनीकी खराबी के चलते पटवारियों के अलावा राजस्व संबंधित काम कराने वाले लोगों को भी विभिन्न समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। पिछले दो सप्ताह से यही स्थिति है। कभी भी सर्वर डाउन या अन्य परेशानी होने के चलते वेबसाइट पोर्टल ओपन नहीं हो पाता और जब होता है तो रिकॉर्ड अलग-अलग दर्शाता है या जिसकी एंट्री ही नहीं हुई है, वह दिखता है। इसके अलावा कई अन्य तकनीकी दिक्कतों की वजह से लोगों की शिकायतों का निराकरण नहीं हो पा रहा है। उन्हें लगातार राजस्व विभाग, पटवारी, आरआई से लेकर तहसील कार्यालय के चक्कर काटने पड़ रहे हैं।

### भुइयां में दिक्कत के कारण पटवारी भी चाह कर नहीं कर पा रहे काम

जानकारी के मुताबिक भुइयां में कई तकनीकी परेशानियां सामने आ रही है। पटवारियों को समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। स्थिति ऐसी कि चाहकर भी पटवारी काम नहीं कर पा रहे हैं। लोग भी परेशान हो रहे हैं। हालांकि लोक सेवा केंद्रों के ऑपरेटरों का दावा है कि शनिवार व रविवार को शासकीय अवकाश के बाद सोमवार से परेशानियों का हल निकाल लिया जाएगा। पटवारियों का कहना है कि अब भी तकनीकी समस्या है। यह हेड कार्यालय से ही है। इसलिए कब तक व्यवस्था सुधरेगी कह नहीं सकते।

### जिले की सभी तहसीलों में ऐसी है स्थिति

ऑनलाइन भुइयां सॉफ्टवेयर में तकनीकी खामी व सर्वर डाउन होने के कारण जिलेभर के सभी तहसील कार्यालय लोगों के काम पिछले दो सप्ताह से नहीं हो पा रहे हैं। सिर्फ कागजी कार्रवाई हो पा रही है। जब सॉफ्टवेयर को अपडेट किया गया था तब भी ऐसी समस्या आई थी। रायपुर से जानकारी दी जाती है कि तकनीकी फॉल्ट को जल्द सुधार लिया जाएगा। जिसके बाद पहले जैसा काम होगा लेकिन हकीकत में ऐसा नहीं हो पाया। ऑनलाइन काम नहीं हो पा रहा है। कब तक होगा, यह कोई बता नहीं रहे है। अफसर सिर्फ स्वीकार कर रहे है कि परेशानी आ रही है। अधिकांश पटवारी अपनी समस्या राजस्व विभाग के अफसरों को भी बता चुके हैं। व्यवस्था कब तक सुधरेगी इस सवाल का जवाब न तो पटवारी दे पा रहे हैं और न ही अफसर, सभी मौन है।

## नगपुरा में बनेगा अटल डिजिटल केंद्र नाली और सड़क का किया भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- नगपुरा में आयोजित किया गया कार्यक्रम

दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने ग्राम नगपुरा में 13 लाख 62 हजार रुपए की नवीन विकास कार्यों की सौगात दी। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नगपुरा में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में विधायक ललित चंद्राकर सम्मिलित होकर विधिवत पूजा अर्चना कर विकास कार्यों की आधारशिला रखी। भूमिपूजन के तहत अटल डिजिटल सुविधा केंद्र भवन निर्माण मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना मद से अनुमानित लागत राशि 5 लाख रूपये, जनपद पंचायत 15वें वित्त मद से नाली निर्माण कार्य अनुमानित लागत राशि 3.62 लाख रूपए, जनपद अध्यक्ष मद से गली सीमेंटकरण कार्य अनुमानित लागत राशि 5 लाख रुपए शामिल हैं। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा हमारी सरकार लगातार लोगों के जीवन के खुशियां लाने का काम कर रही और अन्तिम पंक्ति पर बैठे व्यक्ति तक विकास कैसे पहुंचे इस दिशा में निरन्तर कार्ययोजना बनाकर काम कर रही है। इस अवसर पर दुर्ग जनपद पंचायत अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन, जिला पंचायत सदस्य सुश्री प्रिया साहू, सरपंच सरोज भूपेन्द्र रिगरी अंजोरा मंडल अध्यक्ष हेमंत सिन्हा, पूर्व मंडल अध्यक्ष गिरेश साहू, सरपंच संघ अध्यक्ष ओमेश्वर राजू, उपसरपंच नरेन्द्र निषाद, ओंकार देवांगन, मुकेश मंडाले, आदि उपस्थित रहे।

### 22 को कामबंद हड़ताल, जिलेवार पर्यवेक्षक नियुक्त

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के तत्वावधान में प्रदेश के कर्मचारियों एवं पेंशनरों को केन्द्र के समान देय तिथि से महंगाई भत्ता, डीए एरियर्स की राशि को जीपीएफ खाते में समायोजित करने, वेतन विसंगति सहित 11 सूत्रीय मांगों को लेकर द्वितीय चरण के तहत 22 अगस्त को सामूहिक अवकाश लेकर कलम बंद, काम बंद आंदोलन करने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए जिलेवार पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं। 10 अगस्त को बैठक तय की गई है। दुर्ग, कबीरधान के लिए जीआर चंद्रा को प्रभारी बनाया गया है। राजनांदगांव के लिए राजेश चटर्जी, बलौदाबाजार के लिए बीपी शर्मा को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# जिले के उर्वरक प्रतिष्ठानों का केंद्रीय टीम ने किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- तीन प्रतिष्ठानों से नमूना लेकर भेजा गया प्रयोगशाला



भारत सरकार द्वारा गठित संयुक्त केन्द्रीय निरीक्षण दल के सदस्य पीजी मिथानडोई, अवर सचिव उर्वरक एवं रसायनए मंत्रालय नई दिल्ली कृषि एवं किसान कल्याण विभाग मंत्रालय नई दिल्ली एवं अजय कुमार उप संचालक केन्द्रीय उर्वरक गुण नियंत्रण एवं प्रशिक्षण संस्थान फरीदाबाद द्वारा उप संचालक कृषि संदीप कुमार भोई, संचालनालय कृषि के प्रतिनिधि डॉ सुमित सोरी तथा वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी सह उर्वरक निरीक्षक दुर्ग की उपस्थिति में जिले के 3 विक्रय प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान कोई भी गंभीर अनियमितताएं नहीं पाई गई।

निरीक्षण के दौरान ग्रीन फील्ड गंजपारा दुर्ग से जिंक सल्फेट के 1 नमूना, अग्रवाल कमर्शियल दुर्ग से सिंगल सुपर फॉस्फेट के 2 नमूने तथा सुन्दरम एग्रोटेक नया गंज मण्डी धमधा रोड दुर्ग से बोरान 20 के 1 नमूना लेकर केन्द्रीय प्रयोगशाला फरीदाबाद भेजा गया। वहीं उक्त प्रतिष्ठानों को उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के प्रावधान का पालन करते हुए उर्वरक व्यवसाय किये जाने के निर्देश दिए गए। साथ ही उर्वरकों के थोक स्कंध का फुटकर स्कंध में पीओएस मशीन के माध्यम से त्वरित एक्नॉलेजमेंट कर पीओएस मशीन से ही भारत सरकार की डीबीटी इन फर्टिलाइजर के निर्देश का पालन करते हुये शत-प्रतिशत वितरण कराने के निर्देश दिए गए।

## विधायक गजेन्द्र की पहल से बन रहा डोमशेड, जनता को जल्द मिलेगी सौगात



**दुर्ग।** दुर्ग शहर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में नागरिकों की लंबे समय से चली आ रही मांग को ध्यान में रखते हुए डोमशेड निर्माण कार्य तेजी से जारी है। विधायक गजेन्द्र यादव की पहल से यह विकास कार्य संभव हो सका है। शासन से प्राप्त स्वीकृति के पश्चात डोमशेड निर्माण कार्य शुरू हो गया है, जो आगामी कुछ महीनों में पूर्ण होकर जनता को समर्पित किया जाएगा। डोमशेड बनने से वार्डवासियों को धार्मिक, सांस्कृतिक, सामाजिक और सार्वजनिक आयोजनों के लिए एक सुरक्षित और सुसज्जित स्थल उपलब्ध होगा। विधायक गजेन्द्र यादव ने कहा कि डोमशेड के साथ-साथ आयोजनों के लिए मंच भी बनाए जाएंगे। विधायक गजेन्द्र यादव ने बताया कि इन कार्यों के साथ-साथ अन्य नागरिक सुविधाओं सड़क निर्माण, ड्रेनेज सुधार, स्ट्रीट लाइट्स, सामुदायिक भवनों का उन्नयन, आदि पर भी कार्य प्रगति पर है। उन्होंने सभी वार्डवासियों को आश्वस्त किया कि हर नागरिक की सुविधा और सम्मान हमारी प्राथमिकता है। डोमशेड वार्ड 19 दुर्गा मंच के पास, वार्ड 21 भगत सिंह स्कूल के सामने मैदान, वार्ड 59 साकेत कॉलोनी, वार्ड आदित्य नगर, वार्ड 18 मानस वाटिका के पास इसके अतिरिक्त अन्य वार्डों में भी निर्माण कार्य जारी है।

# पानी निकासी व्यवस्था दुरुस्त करने कब्जेधारियों को जारी होंगे नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- महापौर और आयुक्त ने वार्डों का किया निरीक्षण



सावन माह की रिमझिम फुहारों के बीच नगर निगम दुर्ग की महापौर अलका बाघमार वार्ड क्रमांक 37 आज़ाद वार्ड के दौरे पर पहुंची। महापौर ने आयुक्त सुमित अग्रवाल, पार्षद एवं एमआईसी सदस्य शिव नायक सहित निगम अधिकारियों की टीम के साथ बारिश के मौसम में सफाई कार्यों और नालियों की स्थिति का निरीक्षण किया।

उन्होंने गली नंबर 1 और 2 समेत वार्ड के कई हिस्सों का भ्रमण किया। दौरे के दौरान नालियों की सफाई, जलजमाव की स्थिति और जल निकासी की व्यवस्था देखी और सम्बंधित अधिकारियों से जरूरी जानकारी ली। निरीक्षण में यह बात सामने आई कि कुछ नागरिकों द्वारा नालियों को ढंककर अतिक्रमण किया गया है, जिससे गंदा पानी घरों के सामने ठहर रहा है और सफाई कार्य प्रभावित हो रहा है। इस पर महापौर ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि ऐसे सभी अतिक्रमणों पर नोटिस जारी करें और उन्हें तत्काल हटवाया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि नालियों के ऊपर अतिक्रमण शहर की जल निकासी व्यवस्था में रुकावट पैदा करता है, जिससे बरसात में जलभराव की स्थिति बन जाती है। महापौर बाघमार ने यह स्पष्ट निर्देश दिए कि वार्ड के अंतिम छोर पर स्थित नालों और नालियों की सफाई कार्य प्राथमिकता से पूर्ण कराई जाए। उन्होंने कहा कि जल निकासी के रास्ते बाधित न हों, इसके लिए नालियों की नियमित रूप से सफाई और मरम्मत आवश्यक है। बारिश के पानी का बहाव अवरुद्ध न हो, इसकी विशेष निगरानी की जानी चाहिए। निरीक्षण के दौरान एमआईसी सदस्य देवनारायण चंद्राकर, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, दिनेश नेताम आदि मौजूद थे।

## साइबर सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम

# छात्राओं को साइबर क्राइम से किया गया सतर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- ऑनलाइन फ्रॉड की सावधानियों पर किया जागरूक



महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आर्यभट्ट विज्ञान एवं वाणिज्य शिक्षण केंद्र विज्ञान विकास केंद्र में साइबर सुरक्षा, जागरूकता एवं व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा, ऑनलाईन फ्रॉड और सोशल मीडिया की सावधानी के विषयों पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा छात्राओं को विभागीय जानकारी दी गई। इस कार्यकम में साइबर सेक्युरिटी एक्सपर्ट आरिफ एच खान, विज्ञान विकास केंद्र की प्रमुख उर्मिला ओझा, महिला सशक्तिकरण केंद्र से विनिता गुप्ता जिला मिशन समन्वयक, लक्ष्मीकांत यादव जेंडर विशेषज्ञ, शिल्पी उपाध्याय, वित्तीय साक्षरता समन्वयक नारायण सोनी, डीईओ चंद्र प्रकाश पटेल जिला समन्वयक चाईल्ड लाईन, सखी से असंति साहू, केंद्र प्रशासक कविता डोरले, काउंसलर आईसीपीएस से सीता कन्नौजे, श्रद्धा एवं पैरामेडिकल स्टाफ, पेरालिगल कार्मिक उपस्थित रहें।

### इन विषयों पर दी जानकारी

पुलिस विभाग से डॉ संकल्प राय, नोडल अधिकारी साइबर सेल दुर्ग द्वारा छात्राओं को ऑनलाइन सुरक्षा स्ट्रांग पासवर्ड बनाने, द्वि खाते की उपयोगिता, बायोमैट्रिक पासवर्ड, मोबाईल सॉफ्टवेयर को समय-समय पर अपडेट करने के फायदे, साइबर बुलिंग, साइबर फिशिंग, हनी ट्रैप, डिजिटल अरेस्ट, मैट्रीमोनियल वेबसाइट, डेटिंग एप्स जिसमें युवा पीढ़ी से प्रेम प्रसंग के माध्यम से आर्थिक क्षति पहुंचाई जाती है के बारे में विस्तार से बताया। मार्फिंग स्कैम जिसमें आसानी से किसी व्यक्ति के चेहरे को दूसरे व्यक्ति शरीर में फिट किया जा सकता है एवं म्यूल एकाउंट जैसे साइबर क्राइम से छात्राओं को सतर्क किया। साईबर क्राईम से संबंधित विभिन्न सायबर हेल्पलाइन नंबर 1930 की जानकारी दी गई।

### छत्तीसगढ़ी व्यंग्य संग्रह कलंकपुर के कलंक का हुआ विमोचन

**भिलाई।** साहू मित्र सभा सुपेला के सभागार में साहित्य प्रकोष्ठ के तत्वावधान में पुस्तक विमोचन, वृक्षारोपण और काव्य गोष्ठी का आयोजन हुआ। प्रथम सत्र में डॉ. दीनदयाल साहू की कृति छत्तीसगढ़ी व्यंग्य संग्रह कलंकपुर के कलंक का विमोचन किया गया। डॉ. दीनदयाल साहू की अब तक छत्तीसगढ़ी और हिन्दी में विभिन्न विधाओं में 18 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में व्यंगकार विनोद साव उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता साहू मित्र सभा भिलाई के अध्यक्ष खेद राम साहू ने की। विशेष अतिथि के रूप में डॉ. वेदवती मंडावी साहित्यकार व प्रांतीय अध्यक्ष प्रगति महिला गोंडवाना समाज, डॉ. डीपी देशमुख संपादक कला परम्परा और अंगना के गोठ, डॉ ऋचा ठाकुर प्राचार्य शासकीय नवीन संगीत महाविद्यालय दुर्ग, मणि मेखला शुक्ला प्राध्यापक राजनीति विज्ञान और डॉ. शबाना कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय ने अपनी सहभागिता दी। साहित्यकारों ने कहा कि कलंकपुर के कलंक पर विस्तार से अपनी बात रखी।

## बिजनेस साइड

# सुमीत बाजार में भारी छूट-सिर्फ 31 जुलाई तक, अंतिम 4 दिन शेष



**रायपुर।** सुमीत बाजार में चल रही अप टू 50 प्रतिशत ऑफ की विशेष छूट अब अपने अंतिम चरण में पहुंच गई है। मेंस वियर एवं साड़ियों पर मिल रही यह विशेष छूट सिर्फ 31 जुलाई तक उपलब्ध रहेगी। ऐसे में खरीदारी के इच्छुक ग्राहकों के पास अब केवल 4 दिन का समय शेष है। ग्राहकों द्वारा इस सेल को जबरदस्त प्रतिसाद मिला है। खरीदारी का उत्साह सुमीत बाज़ार के सभी ब्रांचों में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। पारंपरिक से लेकर वेस्टर्न परिधानों तक, सभी वर्गों के लिए विशेष छूटों का लाभ उठाया जा रहा है। सुमीत बाजार ने हमेशा की तरह इस बार भी कुछ नया पेश करने का प्रयास किया है, और उसे ग्राहकों से भरपूर समर्थन प्राप्त हो रहा है। चप्पे-चप्पे में फैली इसकी शाखाओं में ग्राहकों की भारी भीड़ देखी जा रही है।सुमीत बाजार प्रबंधन ने ग्राहकों से अपील की है कि वे इस अवसर का पूरा लाभ उठाएं, क्योंकि छूट की यह पेशकश सिर्फ 31 जुलाई तक ही मान्य है। सुमीत बाजार है छत्तीसगढ़िया–मतलब सबले बढ़िया।

खबर संक्षेप



## पारंपरिक हरेली तिहार में निषाद ने पौधारोपण किया

**बालोद/सिकोसा।** पारंपरिक हरेली तिहार के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत ग्राम पंचायता पैरी के बोगियां तालाब में अधनू राम निषाद द्वारा पौंधारोपण किया गया। तालाब पार में नीम पौंधा लगाकर इनका महत्व बता कर लोगों को पर्यावरण के संदेश दिया गया। उसने पौंधे की देख रेख कर इसे बड़ा करने का संकल्प लिया।

## परसदा डंगनिया में पौधारोपण किया गया



**अंडा।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत परसदा डंगनिया में पौधारोपण किया गया। छायादार पौधे लगाये गये। पौधरोपण कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति बच्चों में जागरूकता उत्पन्न करना था। पौधरोपण के बाद लगाये गये पौधों की देखभाल करने और उन्हें नियमित रूप से पानी देने की जिम्मेदारी सौंपी गई। ताकि वे पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझ सकें और जिम्मेदार नागरिक बन सकें। नागेश्वर यादव समाज सेवक ने कहा कि प्रकृति हमारे जीवन का आधार हैं। एक पेड़ न सिर्फ जीवन देता है, बल्कि यह हमारे बच्चों को एक बेहतर भविष्य की नींव भी देता है। ऐसे कार्यक्रमों में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता बढ़ती है और उन्हें यह समझ में आता है कि छोटे-छोटे प्रयास भी बड़े बदलाव ला सकते हैं। इस अवसर पर उदय कुमार साहू, नागेश्वर यादव, शत्रुहन साहू, रामसाय साहू, खुशहाल यादव, साहिल साहू, लिकेश साहू, ईशु साहू का पूर्ण सहयोग रहा है।

## नाला में युवक बहा पांच घंटे बाद भी नहीं चला पता

**भिलाई।** लगातार बारिश से नदी नाले उफान पर है। इसके कारण कुम्हारी के पास रामपुर चोरहा नाला में आई अचानक बाढ़ से कुछ लोग फंस गए। सूचना मिलते ही एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और तीन लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। मिली जानकारी के मुताबिक राकेश बंजारे ने बाढ़ में फंसे लोगों को बचाने की कोशिश में अपनी जान गंवा दी। एसडीआरएफ कमांडर नागेंद्र सिंह ने बताया कि, सुबह सूचना मिली थी कि सुरजीडीह नाला-चोरहा नाला के पास बने बड़े नाले में अचानक बाढ़ आ गई थी। तीन लोग बाढ़ में फंस गए थे। इसके बाद एसडीआरएफ की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और महिला, पुरुष और तीन बकरियों को बाढ़ से सुरक्षित निकालकर एक सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया। घटना के बाद कुम्हारी थाना पुलिस ने तुरंत एसडीआरएफ को सूचना दी और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया।

कार्यक्रम : दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का हुआ आयोजन

# राष्ट्रीय मंच पर अर्जुन्दा में आयुर्वेद व ग्रामीण चिकित्सा पर हुई सार्थक चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद




शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा में ग्रामीण स्वास्थ्य देखभाल और पारंपरिक चिकित्सा विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। प्रथम दिवस के प्रथम सत्र का उद्‌घाटन मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना एवं राजगीत के साथ हुआ। कार्यक्रम की संयोजक सहायक प्राध्यापक जन्तु विभाग डॉ. प्रीति धुरवे ने कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में बताया।

मेडिकल ऑफिसर आयुष विभाग पवन सिंह नागरे ने ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था एवं दैनिक जीवन में आयुष का उपयोग सुबह सोकर उठना से लेकर रात्रि के सोते समय तक के बारे में बताया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न कार्यक्रम के बारे में जानकारी प्रदान किया। उन्होंने कहा कि प्रकृति का पर्याय ही आयुष है।

उन्होंने बताया कि जीवनशैली में बदलाव के कारण ही हम विभिन्न प्रकार की बीमारियों के शिकार होते रहे हैं। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सोमाली गुप्ता ने राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्देश्य के बारे में बताया साथ ही कहा कि महाविद्यालय में समय–समय पर राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। मुख्य वक्ता प्रो. अनिल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि हर पौधे में औषधीय गुण पाया जाता हैं। विज्ञान और परंपरागत ज्ञान को साथ में लेकर चलना होगा। उन्होंने आधुनिक विज्ञान पद्धति के बारे में बताया, पिछले 30 वर्षों में भारत ने योग थैरेपी के माध्यम से वैज्ञानिक युग में स्वयं को साबित किया है।

कुलपति हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग डॉ. संजय तिवारी ने कहा कि छात्र महत्वपूर्ण घटक होते हैं। देश की आत्मा गाँव में बसती है। विश्व में आयुर्वेद अकेला ऐसा मेडिकल साइंस है जो धर्म से जुड़ा है। आयुर्वेद 5000 वर्ष पुराना है, छात्रें तक यह बात जाना चाहिए। आयुर्वेद पर शोध की जरूरत है। आयुर्वेद को जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। डॉ. रितेश रांझा वैज्ञानिक मलेरिया रिसर्च सेंटर दिल्ली ने मलेरिया से संबंधित अपने कार्य का छत्तीसगढ़ के प्रयोजन में बताया। डॉ. नलिनी सिंह वैज्ञानिक बायोनाक्स प्राइवेट लिमिटेड भुवनेश्वर उड़ीसा ने बताया कि औषधीय पौधे किस प्रकार कैंसर रोग के लिए प्रभावशील है और कैसे कार्य करते है। डॉ. आराधना कंडे आयुष चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर ने ग्रामीण स्वास्थ्य और परंपरागत चिकित्सा के बारे में अपने कार्यों के बारे में बताया। प्रथम दिवस में चेयरपर्सन के रूप में दीपिका कंवर एवं डॉ. अल्का मिश्रा उपस्थित थे। द्वितीय दिवस में डॉ.समीर दशपुत्रे चेयरपर्सन के रूप में उपस्थित थे। मुख्य वक्ता डॉ.अलका मिश्रा दुर्ग ने आर्थराइटिस में औषधीय पौधे के महत्व के बारे में बताया स डॉ. निकिता वैज्ञानिक बिट्स पिलानी गोवा ने एंटीबायोफिल्म एजेंट के बारे में चर्चा की। डॉ. प्रमोद कुमार राजनांदगांव ने परंपरागत ज्ञान एवं टेसू फूल से दवाई बनाने की जानकारी दी। डॉ. दीपाली ने मशरूम उत्पादन एवं जीरो वेस्ट कृषि पद्धति पर कार्यों की जानकारी दी। विभिन्न महाविद्यालय के विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों द्वारा पोस्टर की प्रदर्शनी लगाई गई। बेस्ट पोस्टर प्रस्तुतीकरण हर्ष कुमार दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव एवं दामिनी साहू अर्जुन्दा महाविद्यालय की रही। द्वितीय सत्र के चेयरपर्सन डॉ. प्रमोद कुमार रहे। इस सत्र में डॉ. अरुणा साव, डॉ. गुलाबचंद, सुरेश कुमार पटेल, निशा, किरण, डॉ.समीर, डॉ. रश्मि सिंह, प्रीति, चिरंजीव पांडे एवं किरण सिन्हा ने मौखिक प्रस्तुतिकरण दिया। उत्कृष्ट मौखिक प्रस्तुतिकरण का पुरस्कार डॉ. समीर दशपुत्रे को दिया गया। संयोजक डॉ. प्रीति धुरवे द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। राष्ट्रीय सम्मेलन का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया। गोवा, उड़ीसा, महाराष्ट्र, दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्यों के प्रतिभागी एवं शोधाथऍ राष्ट्रीय सम्मेलन में शामिल हुए।



## देवरी में मंडल कांग्रेस कमेटी का गठन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| डौंडीलोहारा

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर ब्लॉक देवरी में मंडल कांग्रेस कमेटी (जोन) का गठन किया गया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी देवरी मंडल के अंतर्गत तीन जोन आते हैं। अब देवरी मंडल कमेटी के नाम से जाना जाएगा। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अंतर्गत सुरेगांव देवरी पिनकापार तीन मंडल कमेटी है। जिसमें रविवार को देवरी मंडल कमेटी की बैठक रखी गई।

मंडल कमेटी में सेक्टर प्रभारी शिवकुमार ठाकुर देवरी, श्याम सिंन्हा नाहंदा, विजय तारम राघोनवागांव सेक्टर प्रभारी चुने गए। मंडल कमेटी में शामिल 22 बूथ कांग्रेस के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, ब्लॉक जिला कांग्रेस के पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कोदूराम दिल्लीवार ने कहा कि बूथ सेक्टर एवं मंडल कमेटी का गठन कार्यकर्ताओं की उपस्थित में सर्व सम्मति से करें। सभी कमेटियों में नए सदस्य तथा महिला, युवा कार्यकर्ताओं को शामिल कर पार्टी के दिशा निर्देशों का शक्ति से पालन करें। जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री केशव शर्मा ने कहा कि कांग्रेस की जडे़ मजबूत है। हमारे कार्यकर्ता सक्रिय होकर कांग्रेस की रीति एवं नीति का प्रचार प्रसार करें। मंडल कमेटी की बैठक को पूर्व जनपद अध्यक्ष जागृत सोनकर, इंदरचंद बाफना, एवं जीवन कश्यप ने संबोधित किया। बैठक में जनपद सदस्य टीकमबाई निषाद, दुर्गा ठाकुर, हेमलता साहू, डॉ. बरसनलाल निषाद ब्रह्मगिरि गोस्वामी, ठालसिंह ठाकुर, तुलाराम बनपेला, सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जोन कांग्रेस कमेटी का पुनर्गठन तोषण साहू बने नए अध्यक्ष



**गुरूर।** कांग्रेस कमेटी द्वारा संगठनात्मक मजबूती के लिए मंडल जोन, सेक्टर कमेटियों के पुनर्गठन अभियान के तहत ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुरुर के अंतर्गत मंडल जोन, सेक्टर कांग्रेस कमेटी धनेली का पुनर्गठन करने ग्राम बोड़रा में बैठक आयोजित की गई, जिसमें सर्वसम्मति से तोषण साहू को धनेली मंडल जोन अध्यक्ष नियुक्त किया गया एवं मंडल जोन कार्यकारणी का पुनर्गठन किया गया। जिसमे मंडल अंतर्गत नवनियुक्त सेक्टर अध्यक्ष मे भानपुरी सेक्टर मे डेहेर लाल साहू, बासीन सेक्टर मे डोमेंद्र हिरवानी को नियुक्त किया गया। बैठक में अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुरुर तामेश्वर साहू द्वारा नियुक्त मंडल प्रभारी केदार देवांगन, विधायक प्रतिनिधि टोमन साहू, राजश्री क्षत्रिय, ईकेश्वरी विश्वकर्मा, खिलेश्वर सिहरे, रोहित कुमार सिन्हा, संतोष कुमार देवदास, चंद्रप्रकाश साहू, कुलेश्वर निषाद, ढाल सिंह हिरवानी, दूजराम साहू, चिम्मन नादिया, द्वारिका अग्रवाल, आशा देवदास, राकेश सहारे, कुमार सिंह साहू, नरेश साहू, मीडिया प्रभारी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुरुर शिवम कुरैटी सहित वरिष्ठ कांग्रेसी, बूथों के अध्यक्ष सहित कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## एक दिवसीय कन्या कौशल शिविर का आयोजन किया गया



हरिभूमि न्यूज ▸▸| डौंडीलोहारा



अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में 27 जुलाई दिन रविवार को गायत्री शक्तिपीठ डौंडीलोहारा में कन्या जीवन में उत्कर्ष प्राप्ति के उद्देश्य से एक दिवसीय कन्या कौशल शिविर का आयोजन किया गया। इसमें ब्लाक भर से 150 शिविरार्थी बहनों ने भाग लिए और बड़े ही गंभीरता के साथ पूरे कक्षा में शामिल हुए।

कार्यक्रम का शुभारंभ देव प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलन एवं देव पूजन के साथ किया गया। प्रशिक्षक टोली में छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ से मीणा ध्रुव,मोहनी साहू, सुमन दानेश्वर साहू शामिल हुए। उन्होंने कन्या जीवन में आने वाले उतार-चढ़ाव पर प्रकाश डाला गया तथा उसका निवारण बताया गया। कन्या जीवन में व्यक्तित्व परिष्कार, बुद्धि बढ़ाने के वैज्ञानिक विधि, स्वास्थ्य, कन्या जीवन में तनाव तथा उसका प्रबंधन, ब्रम्हचर्य साधना, सोशल मीडिया एवं इंटरनेट के दुष्परिणाम, किशोर अवस्था में आने वाले भटकाव आदि पर जीवन उपयोगी व्यावहारिक कक्षाएं ली। कार्यक्रम को सफल बनाने में ब्लाक समन्वयक भोलाराम साहू, जिला महिला प्रकोष्ठ तुलसी साहू, कैलाश नाथ साहू, मुख्य प्रबंध ट्रस्टी गोवर्धन उर्वशा ट्रस्टी मिलन सिन्हा, केशव राम कुलदीप, लूनकरण ठाकुर, पीलू राम साहू,पुरानिक सोरी,सेवाराम मंडावी, लता देवी साहू वारुणी दिल्लीवार, युवा प्रकोष्ठ कार्यकर्ता विरेन्द्र कुमार बघेल, दुष्यंत कुमार कोलियारे, रेखा साहू, सावित्री कंवर, कौशिल्या बगमरिया, केशर यदु, राधा पटेल, खेमीन झारिया, झमुना साहू, लखेश्वरी कोलियारे,मोहन चंदेल,अनुख राम, रोहणी नायक रिनू विदेशी राम चौहान का सराहनीय योगदान रहा।

## मोदी की मन की बात को भाजपा ने सुनी



**डौंडी लोहारा।** प्रधानमंत्री मोदी का दिनांक 27 जुलाई को मन की बात का 124 वां एपिसोड प्रसारित हुआ। जिसे भाजपा के जनप्रतिनिधि ,पदाधिकारियों व कार्यकर्त्ताओं ने बालोद जिला के सभी मंडल के अधिकांश बुथो पर सुना गया। इसी तारतम्य में डौंडी लोहारा के भाजपा जनप्रतिनिधि व पदाधिकारियों द्वारा जिला उपाध्यक्ष देवेन्द्र जायसवाल के निवास पर मन की बात बुथ क्र. 78 में सुनने का कार्यक्रम किया गया, इस कार्यक्रम के संयोजक धीरेन्द्र टांक ने बताया कि मोदी जी के मन की बात में देश दुनिया में अनेक प्रेरणा दायक व महत्वपूर्ण सामाजिक घटना, रचनात्मक कार्य, खेल इत्यादि के बारे रोचक जानकारी दी जाती है तथा मोदी जी का प्रस्तुति बहुत बढिया होता है जो सुनने वालों के दिलो-दिमाग गहराई से पंहुचता है। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष व राज्य पिछडा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य देवेन्द्र जायसवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेन्द्र टेकाम, उपाध्यक्ष नेहा उपाध्याय, मंडल उपाध्यक्ष संदीप लोढा,जिला कार्यकारिणी सदस्य जसराज शर्मा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य होरी लाल रावटे,मंडल महामंत्री द्वय सोमेन्द्र देशमुख,दुष्यंत गिरी,जगत पाल सिन्हा, उपस्थित थे।

### युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने मन की बात सुनी



गुण्डरदेही। पूर्व महामंत्री भाजपा सौरभ चोपड़ा व युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओ ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 124 वी मन की बात सुनी। इस अवसर पर शक्ति केंद्र संयोजक मुकेश साहू, लवन साहू, श्रवण यादव, टीका राम निषाद, रवि साहू व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बोलबम जयकारों के साथ कांवड़ियों ने किया जलाभिषेक



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद/कलंगपुर

श्रावण मास के पावन अवसर पर रविवार को कलंगपुर–चारभांठा स्थित पावन धाम जोगीमठ मंदिर मे जलाभिषेक करने भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिला। ग्राम कलंगपुर, पिनकापार, सरेखा संहित आस पास गांव से श्रद्धालुगण एवं कांवरियों की दल 2 किलोमीटर पैदल चल कर बोलबम की जयकारे के साथ जोगीमठ स्थित शिव मंदिर पहुंच कर पूजा अर्चना कर जलाभिषेक किया। कलंगपुर बस स्टैंड स्थित श्री वटकेश्वर महादेव मंदिर पर दोपहर 12 बजे पंडित के द्वारा मंत्रेच्चार के साथ पूजा–पाठ कर कांवरियों की जत्था बोलबम की जयकारे एवं बाजे गाजे के साथ नाचते गाते झूमते हर हर महादेव के जयकारे के साथ पैदल चलकर शाम 4 बजे जोगीमठ मंदिर पहुंचा जहां मंदिर प्रांगण मे स्थित शिव मंदिर मे जलाभिषेक किया। इस कांवड़ यात्र मे महिला, पुरुष एवं बच्चें संहित सैकड़ों ग्रामीण जन शामिल हुए।

### शिव भक्तों ने कांवर यात्रा निकाल कर नगर भ्रमण किया



**गुण्डरदेही।** नगर के शिव भक्तो ने शुक्रवार को गुण्डरदेही में कांवर यात्रा निकाली। जहां शिव भक्तों ने नगर के शीतला मंदिर से यात्र प्रारंभ कर तांदुला नदी से जल लेकर पुरा नगर भ्रमण किया। तत्पश्चात शीतला मंदिर पहुंचकर शिव मंदिर में जलाभिषेक किया।

## मोंगरा से छोड़ा जा रहा 32 हजार क्यूसेक पानी

**भिलाई।** मानसूनी सीजन में शिवनाथ नदी दूसरी बार ऊफान पर आया है। शुक्रवार की रात हुई बारिश से शिवनाथ नदी स्थित महमरा एनीकट के ऊपर 6 फीट पानी बह रहा है। इससे महमरा जाने का मार्ग बंद हो गया है। लोगों को घूमकर आना.जाना करना पड़ रहा है। प्रशासन ने नदी के आसपास के गांवों में फिर से एलर्ट किया है कि वे सतर्क रहें और गांव यदि पानी घुसे तो वे सुरक्षित स्थलों का शरण लें। राजनांदगांव जिले के जलाशयों का पानी शिवनाथ नदी दुर्ग में छोड़ा जा रहा है।

## स्पा सेंटर की आड़ में देह व्यापार, गिरफ्तार

**भिलाई।** स्पा सेंटर के आड में देह व्यापार का कारोबार करने वाली महिला संचालिका समेत पांच को पुलिस ने दबिश देकर गिरफ्तार किया है। सेंटर से पुलिस को आठ डायरी, 6 मोबाइल, 1 टेब और चार रजिस्टर, मोबाइल नंबर का डाटा, नगदी 60 रुपए समेत कई आपत्तिजनक सामान पुलिस के हाथ लगी है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर नेहरू नगर चौक कोटक महिन्द्रा बैक के पास द ग्रीन डे स्पॉ में देह व्यापार का कारोबार लंबे समय से चल रहा था।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, छैमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

कार्यक्र में समाज की महिलाओं ने किया पौधारोपण किया

# देवांगन समाज का सावन झूला उत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद





ब्लॉक देवांगन समाज की महिला प्रकोष्ठ की ओर से आमापारा स्थित परमेश्वरी भवन बालोद में सावन झूला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन में मुख्य अतिथि महिला बाल विकास अधिकारी रेखा देवांगन थी। अध्यक्षता ब्लॉक देवांगन समाज महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष संगीता देवांगन ने किया। विशेष अतिथि जिला देवांगन समाज अध्यक्ष दीपक देवांगन, ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्यण देवांगन, नगर अध्यक्ष जीवन लाल देवांगन, बुद्धेश्वर देवांगन, चोवाराम देवांगन, टिकेश्वर देवांगन, गोकुल देवांगन, होमन देवांगन, दिनेश देवांगन, संतोष देवांगन उपस्थित थे।

आयोजन की शुरूआत सुबह 11 बजे माता परमेश्वरी की पूजा अर्चना के साथ हुई। जिसके बाद समाज की महिलाओं ने पौधारोपण किया। कर्यक्रम मे गोली चम्मच, पासिंग द पार्सल, लकी विनर और प्रश्नोत्तरी जैसे खेलकूद का आयोजन किया गया। जिसमें बालोद ब्लॉक के विभिन्न गांव से आई सामाजिक महिलाओं ने हिस्सा लिया। उक्त आयोजन में महिलाओं द्वारा साज सज्जे के साथ आकर्षक झूला भी तैयार किया गया था। मुख्य अतिथि दीपक देवांगन ने कहा कि समाज को हर क्षेत्र में आगे रहना चाहिए। देवांगन समाज की महिलाओं द्वारा आयोजित सावन झूला कार्यक्रम से समाज की महिलाओं की एक जुटता झलक रही है। ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मण देवांगन ने आयोजन मे मार्गदर्शन किया। अतिथि उद्बोधन के बाद आयोजन में पहुंचे अतिथियों और खेलकुद में जीते हुए महिलाओं को अतिथियों ने सम्मानित किया।

आयोजन में गणेशिया देवांगन, ब्लॉक महिला प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष ललीता देवांगन, सचिव रामेश्वरी देवांगन, सह सचिव संतोषी देवांगन, कोषाध्यक्ष तीजन देवांगन, पायल देवांगन, प्रिती देवांगन, निशा देवांगन, लक्ष्मी देवांगन, पूजा देवांगन, पार्वती देवांगन, नैनीबाई देवांगन, हुलसी देवांगन, लक्ष्मी देवांगन सहित अन्य उपस्थित थे।

